हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 10 मार्च 2026, समय 1305 (5 मिनट)

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विपक्ष द्वारा आपातकाल जैसे हालात बताना केवल राजनीति से प्रेरित एक नैरेटिव गढ़ने की कोशिश है। आयुष्मान भारत योजना के तहत भुगतान में अनियमितताओं तथा निजी अस्पतालों द्वारा इलाज रोकने के लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह निराधार, तथ्यात्मक रूप से गलत और सच्चाई से कोसों दूर हैं।

मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा में विपक्ष द्वारा आयुष्मान भारत योजना को लेकर लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि भुगतान से संबंधित मुद्दे को लेकर भी कुछ भ्रांतियां फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान निजी अस्पतालों द्वारा कुल 1,236 करोड़ रुपये के क्लेम प्रस्तुत किए गए, जिनमें से लगभग 1,100 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि पिछले तीन महीनों के दौरान ही सूचीबद्ध अस्पतालों को लगभग 250 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आयुष्मान चिरायु योजना के तहत प्रदेश में 27 लाख 42 हजार 306 लोगों के इलाज के लिए 3,862 करोड़ 36 लाख रुपये के क्लेम दिए जा चुके हैं।

सदन में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि "आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना" के अंतर्गत पिछले 5 महीनों में किसी भी लाभार्थी द्वारा अस्पतालों के भुगतान लंबित होने के कारण उपचार से वंचित किए जाने की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा ट्रैवल एजेंट पंजीकरण और विनियमन (संशोधन) विधेयक, 2026 में विदेश मंत्रालय के सुझाव अनुसार एक छोटा सा संशोधन किया गया है, जो केंद्र सरकार के प्रावधानों के अनुरूप है। इसमें कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया है।

मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान सदन में प्रस्तुत इस संशोधन विधेयक पर बोल रहे थे।

उन्होंने सदन को बताया कि संशोधित प्रावधानों के अनुसार यदि कोई ट्रैवल एजेंट किसी व्यक्ति को विदेश में सेवा या रोजगार के लिए भेजता है और उसे वर्क परमिट उपलब्ध कराता है, तो उसे संबंधित केंद्रीय अधिनियम के अनुसार अपना पंजीकरण करवाना होगा। इसके साथ ही एजेंट को इस संबंध में आवश्यक जानकारी भी देनी होगी।

उन्होंने कहा कि तीन नए कानून लागू होने के कारण इसमें कुछ तकनीकी संशोधन करना आवश्यक हो गया था।

जींद के सफीदों क्षेत्र में 7 मार्च को एक फैक्ट्री में हुए अग्निकांड की जांच के लिए प्रशासन ने विशेष जांच दल का गठन किया है। विशेष जांच दल की अगुवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी करेंगी। जांच दल में सफीदों के पुलिस उप अधीक्षक, एसएचओ सिटी, अपराध जांच एजेंसी नरवाना और सफीदों के प्रभारी भी शामिल किए गए हैं। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने आज जींद में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण धूम्रपान से गिरी बीड़ी या सिगरेट का टुकड़ा होने की आशंका जताई जा रही है। जांच के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फॉरेंसिक साइंस लैब की टीम ने मौके का निरीक्षण किया है। उन्हें गेट के पास पड़े मलबे से चिंगारी उठने के संकेत मिले हैं। उन्होंने कहा कि जांच अभी जारी है और तथ्यों का सत्यापन किया जा रहा है।

पंचकूला के सेक्टर 9 स्थित सरकारी डिस्पेंसरी व पंचकर्मा सेंटर में आज महिलाओं के लिए निशुल्क आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक ओपीडी का आयोजन किया गया। ओपीडी में लगभग 300 मरीजों को देखा गया।
आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ सांत्वना ने बताया-

डॉ वसुधा वत्स ने बताया कि लगभग 120 के करीब होम्योपैथी के मरीजों को भी देखा गया।

इसी दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली लगभग 25 महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

****